an>

Title: Regarding land erosion at Kundli Ghat Bridge in Balrampur district in Shravasti Parliamentary Constituency.

श्री ददन मिश्रा (श्रावस्ती) : माननीय सभापति, मैं आपका ध्यान जनपद बलरामपुर अंतर्गत कुंडली घाट पुल पर हो रही कटान की तरफ दिलाना चाहता हूं। यह बहुत प्रतिष्ठित पुल है। यह पुल इसी लोकसभा चुनाव से पहले अप्रैल में चालू हुआ था। इसे माननीय तत्कालीन मुख्यमंत्री श्री कल्याण सिंह जी ने स्वीकृत किया था। अभियंताओं की अदूरदर्शिता की वजह से राप्ती नदी पुल को छोड़ अलग चली गई। यहां के क्षेत्रवासियों की मांग है कि इस पुल को चालू किया जाए। बीसियों पुल बनने के बाद किसी तरह इस पुल को चालू किया गया। यहां प्रोटेक्शन वर्क नहीं किया गया इसलिए पहली ही बरसात में कटान शुरु हो गई है। मैं रविवार को अपने क्षेत्र में गया तो वहां पर काम कर रहे इंजीनियरों से पूछा कि समय रहते प्रोटेक्शन वर्क क्यों नहीं किया गया।...(व्यवधान)

माननीय सभापति : श्री कौशल किशोर।